ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

दिनांक– 03.08.2021

स्वच्छता को अपनाना है,
नगर को कचरा मुक्त बनाना है

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 03.08.2021 को अमृत कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के ककरा में निमार्णाधीन फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं श्यामतगंज गौटिया स्थित निर्माणाधीन ओवरहेड पानी की टंकी के निर्माण कार्य का किया गया निरीक्षण।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 03.08.2021 को अमृत कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के ककरा में निमार्णाधीन फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं श्यामतगंज गौटिया स्थित निर्माणाधीन ओवरहेड पानी की टंकी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सर्वप्रथम नगर क्षेत्र के ककरा में निमार्णाधीन फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया, जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा निमार्ण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को देखा गया। निरीक्षण के समय कार्य में धीमी गति पाये जाने पर नगर आयुक्त महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई व मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम को कार्य में तेजी लाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कार्य को ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा अमृत योजना के अन्तर्गत नगर क्षेत्र के श्यामतगंज गौटिया स्थित निर्माणाधीन ओवरहेड पानी की टंकी के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय द्वारा कार्य योजना से संबन्धित बोर्ड नही लगा पाया गया, जिसे तत्काल लगवाये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही अमृत योजना के अन्तर्गत नगर को शुद्व पेयजल की आपूर्ति हेतु निर्माणाधीन ओवरहेड पानी की टंकी के निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को देखा गया व निर्माणाधीन जलाशय की ड्राइंग को देखकर उपस्थित स्टाफ से कार्य पूर्ण होने की जानकारी ली गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्माणाधीन कार्यो को ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा ज के साथ अधिशासी अभियंता जल निगम, अर्वन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट शिवम श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर।